No. of Printed Pages : 5

OSEI-002

CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

00786

Term-End Examination

June, 2011

OSEI-002 : DEALING WITH RISKS

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

1. (a) निम्नलिखित वाक्यों पर सही या गलत का निशान लगा कर उत्तर दें : 10x1=10

   (i) क्या सुरक्षाकर्मी किसी कर्मचारी की जबरदस्ती तलाशी ले सकता है। ( ) 1

   (ii) अगर कर्मचारी तलाशी देने से इन्कार करता है तो सुरक्षाकर्मी को मैनेजमैंट को सूचना देनी चाहिए। ( ) 1

   (iii) आग की सूचना सुरक्षा मैनेजर/अधिकारी/सुपरवाईजर को टेलीफोन से तुरन्त देनी चाहिए। ( ) 1

   (iv) आग लगने पर जल्दी आने के लिये क्या लिफ्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। ( ) 1

   (v) पुरुष कर्मचारी एक औरत की तलाशी ले सकता है। ( ) 1

(vi) सुरक्षाकर्मी को गश्त करते समय सभी जगहों का ध्यान रखना चाहिए। ( ) 1

(vii) सुरक्षाकर्मी को कोई अन्‌जान वस्तु मिल जाए तो खोल कर चैक करना चाहिए। ( ) 1

(viii) गश्त करते समय अपनी पाँचों सेंसो का प्रयोग करना चाहिए। ( ) 1

(ix) सुरक्षाकर्मी वर्दी को देखकर जैसे पुलिस, पोस्ट - मैंन को अंदर आने की अनुमति देगा।( ) 1

(x) गश्त के दौरान किसी भी व्यक्ति को गाड़ी में बैठा कर ले जा सकता है। ( ) 1

नोट : *सभी खाली स्थान को भरो :*

(b) निम्नलिखित वाक्यों में खाली स्थान भरो : **10x1=10**

(i) आपातकालीन __________ से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। 1

(ii) पैरीमीटर की __________ काम कर रही है या नहीं, न काम करने पर मैनेजमैंट को सूचित करें। 1

(iii) अपने आपको __________ में न डालो। 1

(iv) चौकसी रखने के लिए क्षेत्र की __________ लगाने की व्यवस्था की जाती है। 1

(v) गाड़ी के ड्राईवर को __________ के नियमों का जानना बहुत जरूरी है। 1

(vi) अपराध के ________ को सदैव सुरक्षित करके रखें। 1

(vii) सुरक्षाकर्मी हमेशा अपनी ड्यूटी पर________ पहले पहुँचेगा और पूरा चार्ज लेगा। 1

(viii) सुरक्षाकर्मी की जिम्मेदारी संस्थान के ________ और ________ की सुरक्षा करना हैं। 2

(ix) हमेशा तलाशी लेने से पहले ________ लेना अनिवार्य है। 1

(c) **स्तम्भ 'ए'** से **स्तम्भ 'बी'** का मिलान करें : 4x1=4

	स्तम्भ 'ए'		**स्तम्भ 'बी'**
(i)	तलाशी के सम्बंध में कर्मचारी और मालिक के	(A)	बाहर निकलने वाले दरवाजों को खोलेंगे।
(ii)	तलाशी की प्रक्रिया को	(B)	आचार संहिता का पालन करें।
(iii)	उच्च स्तर बनाए रखने के लिए	(C)	सुरक्षाकर्मी द्वारा नियमित तौर पर चलाया जाए।
(iv)	आपातकालीन के समय	(D)	हस्ताक्षर होना चाहिए।

(d) सही उत्तर का चयन करें : 4x1=4

(i) तलाशी के मौके –

(A) कर्मचारियों पर रोब दिखलाना।

(B) जब चोरियाँ ज्यादा हो रही हैं।

(C) मैनेजमैंट का दबदबा रखना।

(D) इनमें से कोई नहीं।

(ii) गश्त के प्रकार –

(A) 3 प्रकार की (B) 2 प्रकार की

(C) 4 प्रकार की (D) 1 प्रकार की

(iii) क्लास "B" की आग का वर्गीकरण –

(A) ठोस पदार्थ (B) तरल पदार्थ

(C) Gas (गैस) (D) धातु (Metal)

(iv) आग लगने पर फायर ब्रिगेड को किस नं. पर सूचना देंगें।

(A) 100 (B) 101

(C) 102 (D) इनमें से कोई नहीं

2. नीचे लिखे *दस* प्रश्नों में से किसी *सात* का उत्तर दें। 7x6=42

(a) तलाशी के क्या लाभ हैं?

(b) गहराई से तलाशी लेने की दिशा और निर्देश लिखें।

(c) तलाशी किस-किस समय पर लेनी चाहिए?

(d) तलाशी पुस्तिका के नमूने के तौर पर खाका तैयार करें तथा उदाहरण के तौर पर उनमें से एक प्रविष्टी दर्ज करें।

(e) हल्के वाहनों में वस्तुएँ छुपाने की संभावित जगह की सूची तैयार करें।

(f) बाढ़ के क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

(g) सिक्योरिटी कार्य प्रणाली में काम आने वाले उपकरणों के नाम बतायें।

(h) प्रथम गश्त हेतु आवश्यक निर्देश लिखें।

(i) सिक्योरिटी स्टॉफ की ड्यूटियाँ लिखें।

(j) इमारत को खाली करने का तरीका लिखें।

3. नीचे लिखे पाँच प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों का उत्तर दें : **3x10=30**

(a) गश्त लगाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(b) बम्ब/विस्फोटक की धमकी मिलने पर क्या कार्रवाई करेंगे?

(c) आग लगने पर सुरक्षाकर्मी द्वारा क्या कार्रवाई होगी?

(d) अपहरण करने पर क्या कार्रवाई होगी? लिखें।

(e) सुरक्षा सम्बन्धी हिदायतें लिखें।